पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 27.10.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 07 वांछित अभियुक्त एवं NBW में 01 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 26/27.10.2024 को-

01-थाना दुबग्गा में पंजीकृत मु0अ0सं0 362/2024 धारा 74/351(2) BNS व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त बाला जी उर्फ यश यादव

02-थाना काकोरी में पंजीकृत मु0अ0सं0 272/2024 धारा 64(1)/351(2)/115(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त शिवजी

03-थाना मडियांव में पंजीकृत मु0अ0सं0 641/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-फहीम 02- मो0 शाहरुख

04-थाना मानकनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2024 धारा 305(ए)/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त शुभम पाण्डेय उर्फ शुभम लाल

05-थाना मोहनलालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 498/2021 धारा 65(2)/351(3)/352 BNS व 5k/5m/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मैकूलाल

06-थाना सआदतगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2024 धारा 305/317(2)/331(4) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त शानू गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना गुडम्बा से 01 वांछित वारण्टी गिरफ्तार।

जोन-पश्चिमी

थाना पारा-

दिनांक 26.10.2024 समय करीब 18.07 बजे वादिनी श्रीमति श्वेता रावत निवासिनी किला मोहम्मदी नगर, सेक्टर एम, थाना आशियाना, लखनऊ के थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी जिसमें दिनांक 03.10.2024 को शाम करीब 06.30 बजे वादिनी के पति रवि कुमार रावत अपने मित्र राजकुमार के साथ मलिहाबाद से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में बुद्धेश्वर पुल के पास अज्ञात वाहन द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वादिनी के पति रवि कुमार रावत को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वादिनी के पति गम्भीर रूप से चोटिल हो गये।

वादिनी के पति को उपचार हेतु लोकबन्धु अस्पताल आशियाना लखनऊ ले जाया गया जहां वादिनी के पति को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

दिनांक 12.10.2024 को उपचार के दौरान वादिनी के पति की ट्रामा सेन्टर लखनऊ में मृत्यू हो गयी। दिनांक 26.10.2024 को वादिनी अन्तिम संस्कार के बाद प्रार्थना पत्र देने आयी है तथ्य अंकित है। **वादिनी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना पारा पर मु0अ0सं0 626/2024 धारा 281/106 बीएनएस बनाम अज्ञात वाहन के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

जोन-पूर्वी

गोमतीनगर विस्तार-

दिनांक 27.10.2024 समय करीब सुबह 05.30 बजे ब्रेवो कन्ट्रोल रूम द्वारा थाना स्थानीय पर सरयू अपार्टमेन्ट के पास वाली गली के मकान में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना गोमतीनगर विस्तार पुलिस और फायर की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर आस-पास तथा घर के लोगों को सुरक्षित दूरी पर लाया गया। राहत एवं बचाव कार्य करते हुए आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया है।

उक्त मकान मुजीब खान निवासी वरदान खंड गोमतीनगर विस्तार लखनऊ का था, जिनके द्वारा बताया गया कि मकान में शॉट सर्किट होने के कारण आग लगी थी। जिसमें बेसमेन्ट, ग्राउड फ्लोर व दो मंजिल था आग पहली और दूसरी मंजिल में लगी थी। मकान में मौजूद परिवार के सभी लोग सुरक्षित हैं। किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं है। घरेलू सामान जल गया है। बाकी अन्य कोई हताहत नहीं है। मौके पर कुशलता है।

जोन-दक्षिणी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार-थाना माल -

दिनांक 27.10.2024 को **आबकारी निरीक्षक अभिषेक सिंह व उ0नि0 श्री दिग्विजय सिंह थाना माल**, द्वारा मय महिला हमराही फोर्स के अभियुक्त व अभियुक्ता 1- नन्दू रावत पुत्र मिहीलाल नि0 ग्राम केडौरा थाना माल लखनऊ उम्र 25 वर्ष 02- सोनी रावत पत्नी कमलेश रावत नि0 ग्राम केडौरा थाना माल लखनऊ उम्र 32 वर्ष को ग्राम केडौरा में नन्दू रावत के घर के सामने से करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, **जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**